



# भागीरथपुरा पीड़ितों को लेकर इंदौर में कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा

▶ हजारों की संख्या में जनता और कार्यकर्ता हुए शामिल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने न्याय यात्रा और पैदल मार्च निकाला. उक्त यात्रा बड़ा गणपति चौराहे से शुरू होकर राजबाड़ा तक निकाली गई. मौन यात्रा में नेता और कार्यकर्ता सरकार से भागीरथपुरा के पीड़ितों को न्याय की मांग करते तख्तियां लेकर चल रहे थे.**

भागीरथपुरा में जहरीले पानी की आपूर्ति से अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है. उक्त मुद्दे को लेकर आज दोपहर में कांग्रेस ने अपने झंडे की बजाय देश के झंडे साथ न्याय यात्रा निकाली. यात्रा में शहर के 85 वार्डो से कार्यकर्ता रैली के रूप में बड़ा गणपति चौराहे पर एकत्र हुए. इसके बाद यात्रा का पैदल मार्च शुरू हुआ और सरकार से पीड़ित नागरिकों के लिए न्याय की मांग करते नेताओं और कार्यकर्ता का हुजूम राजबाड़ा की ओर बढ़ा. कांग्रेस की न्याय यात्रा पूरी तरह मौन यात्रा के रूप में आयोजित की गई. यात्रा मार्ग पर किसी प्रकार के स्वागत मंच या द्वार नहीं लगाए गए थे. कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर भागीरथपुरा की घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे थे. यात्रा के राजवाड़ा पहुंचने पर वरिष्ठ नेताओं ने सभा को संबोधित किया. यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विजयलक्ष्मी साधों, अजयसिंह, कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अविनाश भार्गव, संगठन प्रभारी उषा नायडू, सत्यनारायण पटेल, रघु परमार, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, प्रमोद द्विवेदी, संतोष सिंह गौतम, अमित चौरसिया, विनय बाकलीवाल, दीपू यादव, गिरधर नागर, पार्षद सीमा सोलंकी, अनवर दस्तक, अंसाफ अंसारी, रफीक खान, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से भाग लिया.

**भाजपाई भोजन भंडारे में लगे: दिग्विजयसिंह**–पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि एक ओर परिवारों में शोक का माहौल है, वहीं दूसरी ओर भाजपा के लोग भोजन भंडारे कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष में संवेदनशीलता नहीं बची है.

**सभी 85 वार्डों से वाहन रैलियां निकाली गईं**–यात्रा में शामिल होने के लिए शहर के सभी 85 वार्डों से वाहन रैलियां निकाली गईं. इंदौर के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, विधायक और कार्यकर्ता न्याय यात्रा में शामिल हुए.

## जहरीली शराब से मौत सुनी, लेकिन जहरीले पानी से मौतें नहीं सुनीं : पटवारी



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर की जनता को इस बात पर गर्व था कि उसने शहर को साफ-सुथरा बनाया, लेकिन नगर निगम स्वच्छ पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पाया. उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से इंदौर में भाजपा की परिषद है. जनता ने भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन दिया, लेकिन बदले में जनता को क्या मिला? इंदौर से कांग्रेस का एक भी जनप्रतिनिधि विधानसभा में नहीं पहुंचा. जनता ने मुझे भी हराया, फिर भी मैं विपक्ष की जिम्मेदारी निभा रहा हूं. विपक्ष को मजबूत किया जाएगा, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा. मुझे विश्वास है कि आने वाला समय कांग्रेस का होगा. पटवारी बोले बीते 20 वर्षों में क्या किया गया? पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इवेंट मैनेजमेंट में लगी हुई है. अब सरकार को वाटर ऑडिट की याद आ रही है. उन्होंने कहा कि हमने जहरीली शराब से मौतों की खबरें सुनी थीं, लेकिन इंदौर में जहरीले पानी से लोगों की जान चली गई.

## जनता टैक्स दे रही है और बदले में भाजपा जहरीला पानी दे रही : सिंघार



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जनता पानी का टैक्स देती है, इसके बावजूद साफ पानी के बजाय जहरीला पानी दिया जा रहा है. उन्होंने सवाल उठाया कि अब तक एक भी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया. मैंने वॉटर ऑडिट किया है, शहर का कोई भी इलाका दूषित और मल वाले पानी से अछूता नहीं है. भाजपा जनता को मल वाला पानी दे रही है.

## भाजपा साफ पानी और शुद्ध हवा नहीं दे सकी : चौधरी



मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि एक इंसान को अच्छी हवा और साफ पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन भाजपा सरकार इन बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करने में विफल रही है. आज प्रदेश प्रदूषण के मामले में देश दूसरे नंबर पर है.

## एक नजर में

### एचएमजी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

इंदौर. 8 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाली दुसरी एचएमजी अंडर 12 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ डीपीएस राऊ की प्रिंसिपल आशा नायर के मुख्य आतिथ्य एवं वाइस प्रिंसिपल वैशाली खरनाल की अध्यक्षता में किया गया. संचालन स्पोर्ट्स मैनेजर अनुराग हार्डिया ने किया. आभार कोच नरेंद्र गोदरिया ने माना. प्रारंभिक मैच डीपीएस निपानिया और विद्यासागर स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे डीपीएस निपानिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर मे 172 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्यासागर स्कूल की टीम केवल 85 रन ही बना पाई और डीपीएस निपानिया की टीम ने यह मैच 87 रन से जीत कर अगले दौर मे प्रवेश किया. विजेता टीम की और से क्रीशव कुशवाह ने 35 बॉल पर 72 रन बनाकर अपनी टीम की जीत मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मेन ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी जीती.

### आईएटीएफ पश्चिम क्षेत्रीय फ्रेंच शिक्षकों का कांग्रेस संपन्न

इंदौर. भारतीय फ्रेंच शिक्षक संघ (आईएटीएफ) द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ, इंदौर में पश्चिम क्षेत्रीय फ्रेंच शिक्षकों का कांग्रेस 2026 सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. इस दो दिवसीय आयोजन में देशभर से आए 80 से अधिक फ्रेंचभाषा शिक्षकों ने शैक्षणिक संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहभागिताकी. कांग्रेस का उद्घाटन इंस्टिट्यूट फ़रांसेज़ एन इंड की सुश्री सोफी ऑफ़िला द्वारा किया गया. विद्यालय की प्राचार्या आशा नायर ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के प्रति विद्यालय कीप्रतिबद्धता को रेखांकित किया. समापन सत्र में इंस्टिट्यूट फ्रांसेज़ एन इंड कीसुश्री सोफी हेनक्विने का प्रेरक संबोधन हुआ तथा जेएसडब्ल्यूएस के प्रोवाइस-चांसलर हरि मोहन गुप्ता ने औपचारिक घोषणा के साथ कांग्रेस कासमापन किया. दो दिनों के इस कार्यक्रम में कुल 12 सत्रों के अंतर्गत 12 कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जो स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय स्तर के फ्रेंचशिक्षकों के लिए थीं. कार्यशालाओं के विषयों में नवाचारी शिक्षण पद्धतियाँ, तथा एफएलई कक्षाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग जैसेसमसामयिक विषय शामिल रहे. कांग्रेस का एक प्रमुख सांस्कृतिक आकर्षण आइडल इंडियन 2025-26 का ग्रैंड फिनाले रहा. अंडर-18 वर्ग में इंदौर के स्थानीय छात्र जनुष कोहलीविजेता रहे, जबकि एबव-18 वर्ग में ईस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व करते हुएअताशी भौमिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.

### न्यू ईयर में अनन्या पांडे ने सरल आदतों को अपनाया

इंदौर. अनन्या पांडे 2026 में कदम रखते हुए खुद को रियल बनाए रख रही हैं. एक नए इंस्टाग्राम रील में अभिनेत्री आईने के सामने खड़े होकर नए साल के संकल्पों से जुड़ी परिचित दबाव पर खुद से बात करती नज़र आती हैं. समय कितनी तेज़ी से निकल जाता है और न्यू ईयर, न्यू मी की सोच के साथ आने वाली चिंता को स्वीकार करते हुए, अनन्या एक ज़्यादा संतुलित रास्ता चुनती हैं- असंभव मानकों के पीछे भागने के बजाय छोटे और टिकाऊ आदतों पर ध्यान देती हैं. बेहतर नींद, पर्याप्त पानी पीना और नियमित व्यायाम जैसे कदमों के ज़रिये उनका संदेश परफ़ेक्शन नहीं, बल्कि स्थिरता पर केंद्रित है. वह अपनी सुबह की दिनचर्या का एक आसान लेकिन अहम हिस्सा भी साझा करती हैं—दिन की शुरुआत मुट्ठी भर कैलिफ़ोर्निया बादाम से करना. प्राकृतिक ऊर्जा का स्रोत होने के कारण बादाम उन्हें पूरे दिन सक्रिय रखते हैं, वहीं इनमें मौजूद हेल्दी फैट्स और विटामिन ई त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं और एंटी-एजिंग गुणों के लिए भी जाने जाते हैं. अपनापन और भरोसा दिलाने वाले इस रील का अंत एक गर्मजोशी भरे व्यक्तिगत संदेश के साथ होता है, जहां अनन्या सभी को नए साल की शुभकामनाएं देती हैं और आने वाले साल को ज़्यादा संवेदनशील और जागरूक बनाने का भाव सेट करती हैं.

### मप्र में महिला-नेतृत्व वाले उद्यम भारत को सशक्त बना रहे

इंदौर. मध्य प्रदेश भर में महिलाएँ ऐसी नेतृत्वकारी भूमिकाओं में आगे आ रही हैं, जो ग्रामीण उद्यम और आजीविका की दिशा बदल रही हैं. मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का 'उन्नति' उद्यम मॉडल कृषि मूल्य श्रृंखला को नया रूप दे रहा है- जहाँ क्रय, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और सीधी उपभोक्ता बिक्री को महिला संगठनों के जरिए जोड़ा गया है. उन्नति मॉडल के तहत सीएलएफ-स्वामित्व वाले एग्रो-प्रोसेसिंग सेंटर, जिन्हें उन्नति दीदियाँ चलाती हैं, सीहोर, गुना और रायसेन में बदलाव ला रहे हैं. इन केंद्रों ने मिलकर 1 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है. अब नए केंद्र धार, देवास, सागर, बड़वानी, राजपुर और खिलचीपुर में भी शुरू हो चुके हैं. ये हब दालें और मसाले प्रसंस्करण के साथ-साथ सिम्पली खाता और मायग्राम जैसे प्लेटफॉर्मों पर व्यवसाय प्रबंधन, लेखांकन और तकनीक का प्रशिक्षण भी देते हैं. गुना जिले में मीनाक्षी फराटे, जो कभी दिहाड़ी मजदूर थीं, आज बमौरी स्थित उन्नति एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट का संचालन करती हैं. रायसेन की निकिता यादव गैरेटगंज केंद्र में एमआईएस इंचार्ज हैं. डिजिटल अकाउंटिंग और डेटा एनालिटिक्स में प्रशिक्षित निकिता नौकरी के साथ-साथ अपनी मास्टर डिग्री भी पूरी कर रही हैं. बमौरी केंद्र की राजश्री फराटे ने हिंदी में दक्षता हासिल कर अब मार्केटिंग और बिक्री की ज़िम्मेदारी संभाल ली है. बुधनी के माली बायन केंद्र में नीलू दीदी प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण देखती हैं और अन्य महिलाओं को खाद्य सुरक्षा व मशीन संचालन का प्रशिक्षण देती हैं. एक साथ मिलकर ये महिलाएँ न सिर्फ अपने परिवारों की आय बढ़ा रही हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूत कर रही हैं. उनकी यात्राएँ दिखाती हैं कि महिला-नेतृत्व वाले उद्यम ही एक समावेशी, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील विकसित भारत की आधारशिला हैं और मध्य प्रदेश इस परिवर्तन की अगुवाई कर रहा है.

# गूंजी कृष्ण लीला से जुड़ी भक्ति रस की प्रस्तुतियां

▶ लाभ मंडपम में आर्या अम्बेकर ने दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति

▶ आदिवासी बच्चों की शिक्षा के सहायतार्थ अनूठा आयोजन



**इंदौर.** ऑल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा के तत्वावधान में रेसकोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल के लाभ मंडपम में रविवार की शाम भक्ति संगीत और भगवान कृष्ण की लीलाओं पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम कृष्णम वन्दे के नाम रही, जिसमें कोई ढाई घंटे तक शहर के सुधी श्रोताओं ने देश की प्रख्यात गायिका एवं अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत आर्या अम्बेकर की मधुर वाणी का पूरे परिवार सहित आकर आनंद लिया.

हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल वीएस कोकजे के मुख्य आतिथ्य एवं वृंदावन के महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, सद्गुरु अण्णा महाराज के सानिध्य में संगीत, भजनों और भक्ति से प्रेरित पर्यावरण में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में एम फॉर सेवा द्वारा संचालित आदिवासी छात्रावासों के बालक-बालिकाओं ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई. यह आयोजन इन्हीं बच्चों की शिक्षा के सहायतार्थ हुआ. प्रारंभ में ऑल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा (एमफॉर सेवा) के प्रदेश प्रमुख स्वामी ऐश्वर्यानंद सरस्वती, स्वामी कृष्णानंद ने एम फॉर सेवा द्वारा संचालित आदिवासी बच्चों की शिक्षा-दीक्षा और छात्रावासों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में एम फॉर सेवा द्वारा देश के 17 राज्यों में 91 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं जिनमें 67 बालक छात्रावास एवं 24 बालिका छात्रावास शामिल हैं. हैं. सुश्री आर्या का यह लाइव कन्सर्ट इन बच्चों को शिक्षा, खेल, योग एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के पुनीत उद्देश्य से किया जा रहा है. सुश्री आर्या ने अपने गायन का शुभारंभ गणेश वन्दना से करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं से प्रेरित भजनों की श्रृंखला प्रवाहित करते हुए श्रोताओं को पूरे समय मंत्रमुग्ध बनाए रखा. इसके पूर्व एम फॉर सेवा द्वारा संचालित आदिवासी छात्रावासों में रहने वाली बालिकाओं ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया. एम फॉर सेवा के श्रीनिवासन भी विशेष रूप से उपस्थित थे.

## यशोदा, राधा, रुकमणी पर केन्द्रित रहे भजन

सुश्री आर्या के गायन में हारमोनियम पर माधव लिमये, बांसुरी पर धवल जोशी, ताल पर अपूर्व द्रविड़, पखावज पर शुभम उगले एवं तबले पर कार्तिक स्वामी ने प्रभावी संगत देकर श्रोताओं को पूरे समय आनंदित बनाए रखा. सुश्री आर्या ने अपने गायन में यशोदा, राधा, रुकमणी और मीरा बाई पर केन्द्रित भजनों की प्रस्तुतियों का जादू बिखेरा. इस अवसर पर आश्रम की संचालन समिति की ओर से मनोज कासलीवाल, जंबू कुमार भंडारी, दिनेश मित्तल, पवन श्रीमाल, संतोष सरवटे, विवेक सिंघल, केवल जुनेजा, अजय गुप्ता, धीरेन्द्र दुबे, अशोक बवेजा, सुनील मालवीय, नीतेश सोलंकी ने अतिथियों को स्वागत किया.



# नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित होंगी 5 विभूतियां

**इंदौर.** नेताजी सुभाष मंच, श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा 23 जनवरी को नेताजी सुभाष अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा. इसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाली 5 विभूतियों को नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा. इस बार से नेताजी सुभाष की जयंती पर चार दिवसीय कार्यक्रम होंगे।

नेताजी सुभाष मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया, ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने बताया कि 23 जनवरी को सुभाष अलंकरण समारोह संयोजित होगा। इसमें डॉ. दिलीप वाघेला को पर्यावरण संरक्षण, पूजा दवे को समाजसेवा, बालक दास घोरेया को समाजसेवा, आदित्य तिवारी को गायक और यातायात जागरूकता और संदीप काले को समाज सेवा कार्य के लिए नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा. समारोह 23 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से इंडियन कॉफी हाउस, रीगल तिराहा, रानी सराय पर होगा.

26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा वितरण होगा।28 जनवरी को पौधारोपण और 30 जनवरी को देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति होगी.

# अंश गोयल सिविल सर्विसेज की मध्य प्रदेश टीम में



**इंदौर.** चंडीगढ़ में 12 से 16 जनवरी तक होने वाली अखिल भारतीय सिविल सेवा टेबल टेनिस स्पर्धा में आरएसबी इंदौर (मध्य प्रदेश) सिविल सेवा टेबल टेनिस दल में अंश गोयल का चयन हुआ है. अंश गोयल इंदौर से चयनित होने वाले इकलौते खिलाड़े हे. अंश इनकम टैक्स में 2024 में ही कार्यरत हुए हैं और यह उनका इन दो साल की सेवा में लगातार दूसरी बार चयन हुआ है.

# डांस और मस्ती के साथ किया नववर्ष का स्वागत



**इंदौर.** शहर के वाओ वर्ल्ड ऑफ वुमन ग्रुप द्वारा मेंबर्स के लिए न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया. 2026 का स्वागत मस्ती और डांस के साथ किया जाए इस उद्देश्य से पेज 3 पार्टी ग्लैटर एंड ग्लैम का आयोजन किया गया.

ग्रुप की फाउंडर सुरुचि मल्होत्रा ने बताया कि मेंबर्स के लिए क्लब पार्टी का आयोजन किया गया जहां सभी ने बालीवुड ट्रांस जैसे म्यूज़िक पर डांस किया. वहीं कई गेम्स भी रखे गए जिसमें मेंबर्स को गिफ्ट्स भी बांटे गए, जिस तरह हम बीते साल की अच्छी और बुरी यादों को याद करते हैं. उसी तरह हम आने वाले साल में किस तरह अच्छी मेमोरी बना सकते एक दूसरे को सपोर्ट करने से लेकर सोशल वर्क करने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई. सभी ने एक दूसरे के लिए सॉन्ग डेडिकेट किए साथ ही मिल कर डांस भी किया और नए साल को मुस्कुराहट के साथ वैलकम किया.

धार्मिक ▶ गोदा रंगनाथ के विवाह उत्सव में हुई जबरदस्त आतिशबाजी

# रथयात्रा में श्रद्धालुओं ने हाथों से खीचा रथ



**इंदौर.** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम विद्या पैलेस कॉलोनी से रथ यात्रा मंदिर परिसर से जब नगर भ्रमण को निकली तो ऐसा लगा कि साक्षात् नारायण अपने भक्तों को ताप संकट दूर करने दर्शन देने निकल पड़े हो और भक्तों को महसूस हो रहा था कि भगवान स्वयं उनके दुखों को दूर करने के लिए स्वयं पधारे हो.

श्रीमन नारायण नारायण, वेंकट रमणा गोविंदा के जय घोष के साथ मंदिर परिसर से निकली रथ यात्रा की शुरुआत में स्वामी केशवाचार्य महाराज एवं युवराज स्वामी यतींद्रचार्य महाराज के सानिध्य में पुजारी ने शंकर लाल शर्मा परिवार, रश्मि रमेश मानधन्या परिवार, रामकिशन सोनी परिवार, रामबाबू गुप्ता, लक्ष्मण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल एवं राजवंश ग्रुप से रथ का पूजन कराया और यात्रा को प्रारंभ कराया. रथ यात्रा मंदिर परिसर से अशोकनगर, अंबिकापुरी 60 फीट रोड होते हुए लगभग 3 किलोमीटर का रास्ता तय कर पुनः मंदिर परिसर पहुंची. मंदिर समिति के हरिकिशन साबू, दिनेश अग्रवाल एवं मनोहर सोनी ने बताया कि रथ यात्रा मार्ग पर दोनों और श्रद्धालु आरती थाल एवं प्रसाद लेकर खड़े हुए थे जगह-जगह मंचों से स्वामी केशवाचार्य का पाद पूजन स्वागत एवं भगवान की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया बैंड बाजो, घोड़ों- बग्घी सहित निकली यात्रा में भजन सम्राट हरिकिशन साबू अपने भजनों की मधुर स्वर लहरिया बिखेर रहे थे और अक्षय कबरा, सरलाहेड़ा अनुराधा कश्यप, रामकिशन साबू, ऋषि कश्यप विक्की साबू, राजेंद्र काबरा, दिलीप वाणी सहित युवा भजनों पर थिरक रहे थे. रथ के मंदिर पहुंचने पर भगवान की नजर उतारी गई और आरती के पश्चात गोष्ठी प्रसाद का वितरण हुआ.

**गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव** – मंदिर समिति के भगवानदास हेड़ा एवं दिनेश सारडा ने बताया कि सुबह के सत्र में गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव का आयोजन हुआ महिलाएं चुनरी-पीला पहनकर एवं पुरुष साफा व कुर्ते पजामे पहनकर भगवान के बाने में शामिल हुए. बैंड बाजों और आतिशबाजी के साथ निकली भगवान की बारात का स्वागत वधु पक्ष के सागरमल, नितिन खटोड ने किया. वहीं कैलाश जी कांताजी जोशी ने परिवार सहित उनका आतिथ्य स्वीकार किया. तोरण लगने के बाद गोदा रंगनाथ का विवाह उत्सव संपन्न हुआ गोदा रंगनाथ को भक्तों द्वारा 108 कलशो का खिरान भोग भी अर्पित किया गया.

## चक्र स्नान आज

मंदिर समिति के नितिन तापड़िया ने बताया कि 12 जनवरी को प्रातः 8-30 बजे पुष्कर्णी में चक्र स्नान का आयोजन होगा तत्पश्चात 108 रजत कलशो से भगवान वेंकटेश का महाभिषेक होगा एवं स्वामी जी श्री केशवाचार्य जी के आशीर्वचन होंगे।



# डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा कहानी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

**इंदौर.** वामा साहित्य मंच के निर्देशन में डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा कहानी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का मंगल शुभारंभ अनुपमा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत मधुर सरस्वती वंदना से हुआ.

स्वागत भाषण देते हुए अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कहानी सृजन करना सरल नहीं होता, जीवन की परिस्थितियां और अनुभव नूतन कहानियां गढ़ते है. समारोह के प्रथम सत्र में वामा की संरक्षक एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा कहानी प्रतियोगिता 2025 के पुरस्कारों का वितरण किया गया. इस अवसर पर प्रतियोगिता संयोजक पद्मा राजेन्द्र ने राष्ट्रीय स्तरीय कहानी प्रतियोगिता को प्रतियोगिता न मानकर साहित्य अनुष्ठान बताया. वहीं डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा ने बताया कि वे यह कहानी प्रतियोगिता इसलिए करवा रही है क्योंकि युवा पीढ़ी साहित्य से कट रही है, समाज फिर साहित्य विरासत से जुड़े और यह कहानियों के माध्यम से सरल होगा. प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें देहरादून की सुधा जुगरान को उनकी मार्मिक कहानी 'अधूरे घर की चौखट' के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया. बरेली के सुरेश बाबू मिश्रा की कहानी 'संशय के बादल' को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से नागपुर की स्वाति कुमारी को उनकी कहानी 'धुंध की धूप' और इंदौर की नेहा जैन को उनकी रचना 'डिजिटल धुंध' के लिए दिया गया. मंगला रामचंद्रन और सीमा व्यास इस प्रतियोगिता की निर्णायक और कार्यक्रम संयोजक व प्रभावी संचालक उपाध्यक्ष वैजयंती दाते रही. आभार डॉ. मुक्ता जैन ने व्यक्त किया.